प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.03.2026 **समय : 01:00 पी.एम.**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर है। श्री शर्मा राज्य के विकास से जुडे विभिन्न विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री का विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे केन्द्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री राम मोहन नायडू से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा विभिन्न विकास कार्यो और संपर्क सुविधाओं के बारे में चर्चा करेंगे।

0000

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केन्द्र सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। नई दिल्ली में आज शाम संसद परिसर में होने वाली इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल होंगे। **संसद** परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई है। भू राजनैतिक तनाव के बढने और उसके वैश्विक प्रभाव के अधिक स्पष्ट होने के बीच सरकार ने तेल, गैस और उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली हैं।

0000

लोकसभा ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों–अधिकारों का संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। विधेयक का उद्देश्य अधिनियम 2019 में संशोधन करना है। इसके तहत एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति, जिला मजिस्ट्रेट के पास ट्रांसजेंडर व्यक्ति के रूप में पहचान प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन कर सकता है। जिला मजिस्ट्रेट एक नामित चिकित्सा बोर्ड की सिफारिश की जांच करने के बाद प्रमाण पत्र जारी करेगा।

0000

जोधपुर में आज वेयर हाउसिंग डवलपमेन्ट और रेगुलेटरी अथॉरिटी डब्ल्यू डी आर ए की ओर से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मारवाड इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों, व्यापारियों और एफपीओ को वैज्ञानिक भण्डारण सुरक्षित वेयर हाउसिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है। वेयर हाउसिंग क्षेत्र में पारदर्शिता, सुरक्षा और वैज्ञानिक भण्डारण प्रणाली के लिए ये कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में वेयर हाउस और कोल्ड स्टोरेज का पंजीकरण भी किया जा रहा है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने केवल वाट्सएप के जरिये भेजे गये नोटिस को अवैध ठहराया है। एक मामले में आरोपित की गिरफ्तारी में कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने व्हाट्सएप पर नोटिस भेजने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने को अवैध बताया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल व्हाट्सएप के जरिए भेजा नोटिस कानूनी तौर पर सीआरपीसी की धारा 41–ए के तहत वैध नहीं है। वहीं ऐसे नोटिस के आधार पर की गई गिरफ्तारी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश आर एस एल डी सी में हुए घूसकांड से जुडे मामले में रवि मीणा की अवमानना याचिका पर दिया। अदालत ने कहा कि नोटिस की तामील कानून में निर्धारित प्रक्रिया यानि व्यक्तिगत तामील, चस्पा और स्पीड पोस्ट आदि से ही होनी चाहिए।

0000

राज्य में कल से 31 मार्च के बीच दो नये पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते है। इनसे कई हिस्सों में मौसम एक बार फिर बदल सकता है और आंधी, बारिश का दौर शुरू होने का पूर्वानुमान है। इस बीच आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ हैं। वहीं कुछ जिलों में हल्के बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल दौसा, धौलपुर और भरतपुर में हल्की बारिश हुई। वहीं जैसलमेर और बाडमेर सहित कुछ इलाकों में धूलभरी हवायें चली। इस बीच ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में थोडी बढोतरी हुई है।

0000

पहले खेलो इंडिया जनजातीय खेल आज से छत्तीसगढ में शुरू हो रहे हैं। ये 3 अप्रैल तक चलेंगे। इनमें –तैराकी, वेट लिफ्टिंग, हॉकी और तीरंदाजी सहित सात खेलों में मुकाबले होंगे। देशभर से जनजातीय वर्ग के खिलाडी इनमें हिस्सा लेंगे, जिससे पारम्परिक और उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की जनजातीय खेल संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। इस खेल कुम्भ का उद्घाटन समारोह राजधानी रायपुर में होगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000

चैत्र नवरात्रि का 7वां दिन आज मां कालरात्रि को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से भय और नकारात्मकता **दूर** होती है और जीवन में शांति और सकारात्मकता का संचार होता है। इस अवसर पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। भरतपुर के कैलादेवी झील का वाडा में लगाये गये लक्खी मेले में भी देशभर से भक्त पंहुच रहे है।

0000